इलाहाबाद विश्वविद्यालय

प्रयागराज– 211002, उ0प्र0(भारत)

UNIVERSITY OF ALLAHABAD

Prayagraj – 211 002, U. P. (INDIA)

No: 05/R/961/2026

Date: 13.11.2026

सूचना

सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में नवंबर माह के अंतिम सप्ताह से परीक्षाएँ संचालित होनी हैं। परीक्षा की शुचिता एवं गरिमा बनाए रखने तथा परीक्षार्थियों को शांत एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के दृष्टिगत, परीक्षा अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के किसी भी परिसर में नारेबाजी, धरना-प्रदर्शन, जुलूस, मार्ग अवरोध, अनधिकृत सभा अथवा ध्वनि संबंधी ऐसी गतिविधियाँ, जिनसे परीक्षा संचालन, शैक्षणिक कार्य या सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होती हो, पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी।

उक्त निर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित छात्र अथवा छात्र-समूह के विरुद्ध छात्र अनुशासन एवं आचरण नियम, 2023 के अंतर्गत नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अतः सभी छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षा अवधि में विश्वविद्यालय परिसरों में शांति एवं अनुशासन बनाए रखें।

Sd/-

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. समस्त अधिष्ठाता, इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
3. संस्थान /केन्द्रों के समस्त निदेशक/समन्वयक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
4. कुलानुशासक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
5. अध्यक्ष आई.सी.टी.प्रकोष्ठ , इलाहाबाद विश्वविद्यालय –विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
6. माननीय कुलपति महोदया के सचिव को माननीय कुलपति महोदया के सूचनार्थ।

Sd/-

कुलसचिव